## खबर संक्षेप

### आयुक्त ने विशेष राजस्व अभियान की अविध बढ़ाई

**संभाग के तीनों जिलों में 20 जून तक संचालित होगा विशेष राजस्व अभियान**

**हरिभूमि, शहडोल।** कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता के निर्देशन में संभाग के तीनो जिलों में लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए संभाग स्तरीय विशेष राजस्व अभियान चलाया गया। यह अभियान 20 अप्रैल से 20 मई 2025 तक एक माह संचालित किया गया। अभियान में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरूस्ती, डायवर्सन, नक्शा तरमीम, धारणाधिकार के तहत दर्ज प्रकरणों का निराकरण किया गया। अभियान के तहत शहडोल संभाग के तीनों जिलों में राजस्व प्रकारणों के निराकरण का प्रतिशत 58.24 रहा। कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने राजस्व प्रकरणों के शत-प्रतिशत निराकरण के लिए इस अभियान को 20 जून 2025 तक निरंतर जारी रखते हुए कलेक्टर शहडोल, उमरिया एवं अनूपपुर को निर्देश दिए हैं कि बढ़ाई गई एक माह की अवधि में अपने-अपने जिले में लंबित राजस्व प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण करना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि एक माह में इस अभियान के अंतर्गत राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी अभियान को प्राथमिकता देकर राजस्व प्रकरणों का निराकरण करना सुनिश्चित कराएं।

### बारिश में करंट से बचने के लिये एडवायजरी जारी

**हरिभूमि, शहडोल।** मॉनसूनी मौसम के दौरान हवा में नमी के कारण करंट लगने की आशंका ज्यादा रहती है। करंट से लोगों की मौत हो जाती है, लेकिन ज्यादातर मौतों को टाला जा सकता है। ज्यादातर मौतें घरों में अर्थिंग नहीं होने या कमजोर अर्थिंग की वजह से होती है। अर्थिंग या तो स्थानीय स्त्रोत से प्राप्त की जा सकती है या घर पर ही गहरा गढड़ा खोदकर खुद बनाई जा सकती है। बारिश में बिजली से होने वाली दुर्घटनाओं से बचने के लिए विद्युत विभाग द्वारा एडवायजरी जारी की गयी है। एडवायजरी में घर में अर्थिंग की उचित व्यवस्था रखें। हरे रंग के तार को हमेशा याद रखें, इसके बिना कभी बिजली उपकरण का प्रयोग न करें, खास कर जब यह पानी के स्त्रोत को छू रहा हो। पानी करंट के प्रवाह की गति को बढ़ा देता है, इसलिए नमी वाले माहौल में अतिरिक्त सावधानी रखें। दो पिन वाले बिना अर्थिंग के उपकरणों का प्रयोग न करें। तीन पिन वाले प्लग का प्रयोग करते समय ध्यान रखें कि तीनों तार जुड़े हों और पिनें खराब न हों। तारों को सॉकेट में लगाने के लिए माचिस की तीलियों का प्रयोग न करें। किसी भी तार को तब तक न छुएं, जब तक बिजली बंद न कर दी गई हो। अर्थिंग के तार को न्यूट्रल के विकल्प के तौर पर प्रयोग न करें। सभी जोड़ों पर बिजली वाली टेप लगाएं, न कि सेलोटेप या बेंडेड। गीजऱ के पानी का प्रयोग करने से पहले गीजऱ बंद कर दें। हीटर प्लेट का प्रयोग नंगी तार के साथ न करें। घर पर सूखी रबड़ की चप्पलें पहनें। घर पर मिनी सर्किट ब्रेकर और अर्थ लीक सर्किट ब्रेकर का प्रयोग करें। मेटलिक बिजली उपकरण पानी के नल के पास न रखें। रबड़ के मैट और रबड़ की टांगों वाले कूलर स्टैंड बिजली उपकरणें को सुरक्षित बना सकते हैं। केवल सुरक्षित तारें और फ्यूज का ही प्रयोग करें। अर्थिंग की जांच हर छह महीने में करते रहें। किसी भी आम टैस्टर से करंट के लीक होने का पता लगाया जा सकता है। फ्रिज के हैंडल पर कपड़ा बांध कर रखें।

### गंभीर हालत में 108 से जिला चिकित्सालय में चालक हुआ भर्ती, वाहनों के कांच फोड़े, बाहरी चालकों में दहशत का माहौल

# माईंस में गुण्डागर्दी टैक्सः आधी रात चालकों को दौड़ा कर पीटा

**एसईसीएल के सोहागपुर एरिया की रामपुर-बटुरा प्रोजेक्ट प्रबंधन के साथ असमाजिक तत्वों के लिए भी संजीवनी बनी हुई है, प्रबंधन की चुप्पी के कारण माईंस में अनाधिकृत आवारा तत्व वाहनों से अवैध वसूली करते हैं, मांग पूरी न होने पर मारपीट और हत्या जैसी स्थिति निर्मित करने में पीछे नहीं हट रहे। स्थानीय पुलिस, कोल प्रबंधन का मौन किसी दिन कई लाशों का सबब बन सकता है।**

हरिभूमि, शहडोल

जिले के अमलाई थाना अंतर्गत सोहागपुर एरिया की रामपुर-बटुरा खुली खदान आवारा तत्वों का अड्डा बन चुकी है, कोल प्रबंधन जहां उत्पादन में अपना पूरा ध्यान झोंख कर इस ओर से आंखे मूंदे हुए हैं, वहीं जिले के अंतिम छोर पर स्थित पूर्व से विवादित रहे रामपुर व इसके आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों के वाशिंदे अमलाई पुलिस के लिए भी अर्से से सिरदर्द बने हुए हैं, रामपुर-बटुरा प्रोजेक्ट शुरू होने के बाद माईंस के अंदर और बाहर आवारा व असामाजिक तत्वों ने अपनी जड़े जमा ली हैं। गुरूवार व शुक्रवार की दरमियानी रात दो दर्जन से अधिक बदमाशों ने गुण्डा टैक्स के फेर में बाहर से आये वाहन चालकों के साथ जमकर मारपीट की। जिसमें से कुछ को जिला चिकित्सालय अनूपपुर और अन्य को स्थानीय उपचार दिया गया। वाहनों के साथ भी तोडफ़ोड़ हुई, घटना के अगले 15 से 18 घंटो तक अमलाई पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी तक दर्ज नहीं की। जिससे बदमाशों के हौसले बुलंद होने के साथ ही उन्हें बचने का समय मिल रहा है।

#### हर गाड़ी से गुण्डा टैक्स

रामपुर-बटुरा प्रोजेक्ट वर्तमान में सोहागपुर कोयला प्रक्षेत्र का 60 से 70 प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर रहा है, यही कारण है कि प्रतिदिन 250 से 300 ट्रक कोयला निकलता है, कोल प्रबंधन के कर्मचारी और अधिकारी उत्पादन और आपूर्ति का लक्ष्य पूरा करने के फेर में स्थानीय आवारा तत्वों से दूरी बनाकर रखते हैं, जिस कारण कोल यार्ड से लेकर कांटाघर, बंबू गेट आदि क्षेत्रों में अनाधिकृत बदमाश 24 घंटे मौजूद रहते हैं, कहीं गाड़ी की लेबलिंग के नाम पर, तो कहीं पर पार्किंग के नाम पर 100 से लेकर 30 और 20 रूपये कई बार लिए जाते हैं। यही नहीं इच्छा होने पर शराब, गांजा के लिए भी रूपयों की मांग बाहर के चालकों से की जाती है। गुरू व शुक्र की दरमियानी रात इसी तरह का गुण्डा टैक्स वसूली के दौरान बाहर के चालको के साथ गंभीर मारपीट की गई।






#### 108 ने बचाई जान

राजस्थान ट्रांसपोर्ट व अन्य ट्रांसपोर्टरों के माध्यम से कोयला लोड करने के लिए आये वाहन चालकों से गुरू व शुक्रवार की रात गंभीर मारपीट की गई, प्रोडक्शन के फेर में प्रबंधन ने 24 घंटे रोडसेल के दरवाजे खोल रखे हैं, जबकि शाम ढलते ही लगभग दुकाने, संभ्रांत व्यक्ति और पुलिस तक का दायरा सीमित हो जाता है, लेकिन आवारा तत्व देर शाम से सुबह तक यहां शराबखोरी और गुण्डा टैक्स वसूलने में लगे रहते हैं। रामेश्वर सिंह नामक वाहन चालक के साथ शुभम और उसके साथियों ने गंभीर मारपीट की और उसे मरा हुआ समझकर दूसरे तरफ चले गये, चालको ने 108 को रात में ही कॉल किया, वाहन के तत्काल पहुंचने और जिला चिकित्सालय में त्वरित इलाज मिलने पर रामाश्रय की जान बच गई, लेकिन उसका एक हाथ और पैर की हड्डिया टूट गई और शरीर में भी कई हिस्सों पर चोटे आई हैं, बड़ी बात यह कि उसे यह नहीं मालूम की शुभम कौन है और उसके साथ जानवरों जैसा बर्ताव क्यों किया गया।

#### दिन भर दहशतगर्द वसूलते रहे रूपया

रामपुर बटुरा खुली खदान के साथ ही सोहागपुर एरिया की अन्य खदानों में भी सुरक्षा और भय के नाम पर गुण्डा टैक्स वसूली जाती है, कहीं इसे लेबलिंग का नाम देते हैं तो, कहीं इन्ट्री, गेट पास, कांटा, टोकन या अन्य नाम दिये जाते हैं। स्थानीय प्रबंधन पुलिस का पर्याप्त सहयोग न मिलने के कारण इस मामले में बैकफुट पर ही रहता है। गुरू व शुक्रवार की दरमियानी रात दहशतगर्दो ने जमकर गुण्डागर्दी की और जिन्हें जानते तक नहीं थे, उन्हें अस्पताल पहुंचा दिया, स्थानीय दहशतगर्दो ने शुक्रवार को इसका फायदा उठाया और घटना का हवाला देकर चालको से दिन भर गुण्डा टैक्स वसूलते रहे।

#### इनका कहना है...

पीड़ित के बयान लिए हैं, चालक अन्यत्र का है, स्थानीय लोगों को नहीं पहचानता, एमएलसी आने पर मामला दर्ज करेंगे।

**अमृतलाल परस्ते**
जांच अधिकारी
थाना अमलाई

### 9 जुलाई को गूंजेगी कोयला श्रमिकों की आवाज



**हरिभूमि, शहडोल।** एसईसीएल सोहागपुर एरिया में कोयला श्रमिक संघ (सीटू) की हड़ताल की नई तारीख घोषित कर दी गई है। पहले 20 मई को प्रस्तावित हड़ताल अब 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी स्तर पर होगी। क्षेत्रीय सचिव अरुण गौतम ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि चार लेबर कोड रद्द करने की मांग को लेकर यह बड़ा आंदोलन किया जाएगा। मंगलवार को सीटू क्षेत्रीय कार्यालय से निकली रैली में श्रमिकों ने गगनभेदी नारों के साथ हड़ताल को सफल बनाने का संकल्प लिया। रैली में अरुण गौतम, विनोद राय, धीरेंद्र पांडे, रमाशंकर शुक्ला, कल्लू सिंह, रामराज तिवारी, अनिल कमलेश साकेत, अतुल दास, राजेश राणा, सीता प्रसाद मिश्रा, अयोध्या प्रसाद पटेल समेत कई इकाइयों के साथी शामिल हुए।

### सीसी रोड पर बना रहा चबूतरा



**हरिभूमि, शहडोल।** जिले के धनपुरी नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 2/4 अंतर्गत निर्मित एक सीसी रोड पर अतिक्रमण किए जाने के कारण रहवासियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसकी उन्होने सीएमओ नगरपालिका से शिकायत भी की है। वार्डवासी नारायणदास चेलानी, हेमनदास चेलानी, श्यामलाल चेलानी आदि ने शिकायत में लेख किया है कि उनके मकान तक नगरपालिका द्वारा सीसी रोड बनायी गई है। लेकिन इस रोड पर जलील उर्फ पप्पू मुर्गावाला के द्वारा मिट्टी डालकर चबूतरा निर्माण करने का प्रयास किया जा रहा है। यहां मिट्टी डाल देने से सीसी रोड पर भी कीचड़ हो रहा है, जिससे वार्डवासियों को आने जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मना किए जाने पर जलील द्वारा गाली गलौच किया जाता है। शिकायतकर्ताओं ने सडक़ पर किए जा रहे अवैध निर्माण पर रोक लगाने की मांग की है।

## भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के 110 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष हैकथन का आयोजन

**विश्व जैव विविधता दिवस पर अर्ध-शुष्क क्षेत्रों की जैव विविधता थीम पर केंद्रित रहा कार्यक्रम**




**हरिभूमि, शहडोल।** विश्व जैव विविधता भारतीय प्राणी सर्वेक्षण द्वारा अपने 110 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक विशेष हैकथन का आयोजन किया गया। इस बार कार्यक्रम का मुख्य विषय जैव विविधता संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन था, जो विशेष रूप से अर्ध-शुष्क क्षेत्रों की जैव विविधता पर केंद्रित रहा। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ हुई, जिसकी भावपूर्ण प्रस्तुति विश्वविद्यालय के छात्र शिवम भगत द्वारा दी गई। इस हैकथन में पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों एवं फैकल्टी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नवाचार से भरपूर प्रस्तुतिया दी।

अंकित शुक्ला एवं रितु पांडेय ने भविष्य के खाद्यान्न खतरे में खेत से लेकर भंडारण तक अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में बाजरे की सुरक्षा सुनिश्चित करना विषय पर प्रेजेंटेशन दिया। अंकित शुक्ला ने बताया कि अद्धध शुष्क क्षेत्र में मिलेट्स (बाजरा आदि) की खेती एक व्यवहारिक विकल्प है, क्योंकि यह फसल 60 से 80 दिनों में तैयार हो जाती है, जबकि गेहूं और धान को पकने में तीन महीने लगते हैं। इसके साथ ही इसमें पानी की आवश्यकता भी कम होती है, जिससे यह अर्ध-शुष्क क्षेत्रों के लिए उपयुक्त समाधान बन सकती है। साथ ही इसके मिलेट्स के कीट प्रबंधन के बारे नए सुझाव प्रस्तुत किए।

प्रिंसी सिंह, शिवम भगत और ईशा कहार ने एक एआई टूल मॉडल का विचार प्रस्तुत किया, जो कि स्कैन्ड इमेज पर आधारित है। यह एप खेतों से ली गई फूल और कीटों की तस्वीरों के माध्यम से दोनों की पहचान करेगा और यह बताएगा कि कौन से कीट किस प्रकार के फूलों के लिए सर्वोत्तम परागणकर्ता हैं। उनका यह विचार भूले हुए नायक शुष्कभूमि में कीट जैव विविधता और परागण नेटवर्क विषय पर आधारित था, जिसके लिए उन्हें तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

अर्पिता मिश्रा, जयराज रजक और सुचिता तिवारी ने ईको-सारथी नामक एक एप का आइडिया प्रस्तुत किया, जिसमें कंजर्वेशन एक्टिविटी, फुटप्रिंट कैलकुलेटर जैसे कई उपयोगी फीचर्स शामिल हैं। इस एप का उद्देश्य अर्ध-शुष्क क्षेत्रों की जैव विविधता के संरक्षण में सहायता करना और लोगों को जागरूक बनाना है। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट के लिए उन्होंने ग्राउंड लेवल पर गहन शोध किया है। शोधार्थी अंजली एवं शिवानी ने जिले की पक्षी विविधता और संजय डुबरी वन्यजीव अभयारण्य पर आधारित प्रस्तुति दी, जिसमें उन्होंने स्थानीय और प्रवासी पक्षियों की महत्ता और संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। मानसी सैनी, रिया सिंह परिहार एवम् एकता मौर्य ने भी जलवायु संरक्षण के लिए रद्ध टूल का इस्तेमाल करना बताया।

इस आयोजन ने न केवल छात्रों की वैज्ञानिक सोच और नवाचार क्षमता को उजागर किया, बल्कि जैव विविधता संरक्षण की दिशा में युवाओं की भागीदारी को भी प्रोत्साहित किया। इस हैकथन में देश भर से शोधार्थी एवं विद्यार्थियों ने बढ़ चढक़र भाग लिया।

## तहसील का बाबू रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार



**हरिभूमि, शहडोल।** जिले के जयसिंहनगर तहसील कार्यालय में पदस्थ बाबू योगेंद्र द्विवेदी को रिश्वत लेते हुए रीवा लोकायुक्त की टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई उस समय हुई जब आरोपी बाबू फरियादी से रिश्वत की दूसरी किस्त के रूप में 3 हजार रुपये की मांग कर रहा था। ग्राम पतेरिया टोला बुधार निवासी सुरेन्द्र कुशवाहा ने रीवा लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत की थी कि जयसिंहनगर तहसील में पदस्थ बाबू योगेंद्र द्विवेदी ने उससे नक्शा-खसरा में पेड़-पौधे चढ़ाने के एवज में कुल 6 हजार रुपये की रिश्वत मांगी है। बाबू ने 3 हजार रुपये की एक किस्त पहले ही ले ली थी और बकाया रकम की लगातार मांग कर रहा था। जिसकी शिकायत फरियादी ने लोकायुक्त से की, फरियादी की शिकायत पर रीवा लोकायुक्त की 12 सदस्यीय विशेष टीम ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई को अंजाम देने की तैयारी शुरू की। तय रणनीति के तहत फरियादी को बाबू से मिलने और शेष 3 हजार रुपये देने के लिए कहा गया। जैसे ही बाबू ने रिश्वत की रकम ली, टीम ने मौके पर दबिश देकर उसे रंगे हाथों पकड़ लिया, लोकायुक्त टीम ने कार्रवाई के दौरान पूरी प्रक्रिया की रिकॉर्डिंग की और रिश्वत की रकम को पंचनामा तैयार कर जब्त किया। मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। इस कार्रवाई के बाद जयसिंहनगर तहसील कार्यालय में हडक़ंप मच गया। अन्य कर्मचारी भी सतर्क नजर आए, लोकायुक्त की यह कार्रवाई एक सख्त संदेश के रूप में सामने आई है कि सरकारी सेवाओं में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### भाजपा नगर अध्यक्ष ने की तिरंगा यात्रा में शामिल होने की अपील




**शहडोल।** भारतीय जनता पार्टी शहडोल नगर मंडल की बैठक में नगर मंडल अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी ने आगामी कार्यक्रमों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 24 मई शनिवार को ऑपरेशन सिंदूर तिरंगा यात्रा शाम 4:30 बजे पुरानी बस्ती फाटक से तिरंगा यात्रा शेर चौक, जैन मंदिर, गांधी चौक, सब्जी मंडी होते हुए दुर्गा मंदिर में समापन होगा। भाजपा नगर अध्यक्ष श्री त्रिपाठी ने समस्त वरिष्ठ एवं कनिष्ठ पदाधिकारियों सहित आमजनों से अपील की है कि तिरंगा यात्रा में शामिल होकर सेना का शौर्य साहस एवं सम्मान बढ़ाये। बैठक की अध्यक्षता युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष अतुल तिवारी ने की, बैठक में मुख्य रूप से भाजपा नगर महामंत्री नागेंद्र गोले, युवा मोर्चा जिला महामंत्री आशीष तिवारी, भाजपा नगर कार्यालय मंत्री अंकित सराफ एवं नगर युवा मोर्चा के पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल हुए, मंच का सफल संचालन युवा मोर्चा नगर महामंत्री अभिषेक सोनी ने किया।

## धारदार हथियार से अधेड़ की गला रेतकर हत्या



**हरिभूमि, शहडोल।** जिले के सोहागपुर थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत गोरतरा के जमुआ मेन रोड पर शुक्रवार सुबह एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। यहां 54 वर्षीय मनोज सिंह की उनके ही घर में धारदार हथियार से गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी गई। वारदात के वक्त मृतक घर में अकेला था। हत्या के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हो पाया है। घटना का खुलासा उस समय हुआ जब रोजाना की तरह दूधवाला दरवाजा खटखटाता रहा, लेकिन भीतर से कोई जवाब नहीं मिला। संदेह होने पर उसने पड़ोसियों और परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे तो दरवाजा खोलने पर मनोज सिंह का शव खून से लथपथ हालत में मिला। सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हडक़ंप मच गया। मौके पर पुलिस अधीक्षक, एएसपी, स्थानीय पुलिस बल और फॉरेंसिक टीम पहुंची और जांच शुरू की। फिलहाल हत्या के पीछे के कारण और आरोपी की पहचान को लेकर पुलिस सुराग जुटा रही है। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल से अहम सुराग इक_ा किए जा रहे हैं और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा। इस निर्मम हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई है और लोग भय के माहौल में हैं।

## कलेक्टर ने जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्यों में समाज को आगे आने का किया आहवान

शहडोल।

जल ही जीवन है, जल के बिना जीवन की कल्पना भी संभव नहीं है। जिले में पर्याप्त वर्षा होती है। जरूरत है वर्षा की एक-एक बूंद के संरक्षण की। गांव का पानी गांव में, खेत का पानी खेत में संरक्षित करके हम सब पानीदार बन सकते हैं। हमें जहां एक ओर वर्षा जल का संरक्षण करना होगा वहीं दूसरी ओर जल के प्रबंधन एवं बेहतर उपयोग के लिए भी प्रयास की जरूरत है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आहवान पर शहडोल जिले में भी गांव-गांव में जल गंगा संवर्धन अभियान समाज एवं सरकार के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। अभियान के माध्यम से जहां पुरानी जल संरचनाओं कुआ, तालाब, बावडिय़ों, जल स्त्रोतों, गांव में बहने वाली नदियों एवं नालों की साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है। वहीं उपयुक्त स्थलों में नई जल संरचनाओं खेत तालाब, अमृत सरोवर, पुष्कर तालाब, निर्मल नीर आदि का भी निर्माण किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने जनपद पंचायत जयसिंहनगर की ग्राम पंचायत कौआ सरई में अखड़ार नदी के तट पर आयोजित जल चौपाल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज से जल संवर्धन कार्यों में आगे आकर जुडऩे की बात कही। इस अवसर पर ग्रामीणों ने भी जल संरक्षण के कार्यों में बढ़-चढक़र अपनी सहभागिता निभाने की बात दोहराई। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत नरेन्द्र धुर्वे, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती प्रगति वर्मा तथा जनपद अध्यक्ष श्रीमती मालती सिंह, तहसीलदार श्रीमती सुषमा धुर्वे, सीईओ जनपद पंचायत जयसिंहनगर शिवानी जैन, जनपद सदस्य रामप्रसाद पयासी,, सहायक यंत्री अशोक मरावी, एपीओ मनोज मिश्रा, देवेन्द्र श्रीवास्तव, ग्राम पंचायत सरपंच एवं सचिव सहित जन अभियान परिषद के सदस्य तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत आयोजित होगा कार्यक्रम

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत 29 मई को पाली विकासखंड अंतर्गत पाली, धौरई, बरबसपुर में कार्यक्रम आयोजित होगा । उन्होने बताया कि प्रातः 10 बजे से पाली में, दोपहर 1 बजे से धौरई में तथा सायं 4 बजे बरसबपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया है । कार्यक्रम के लिए कुंदन मुवेल केव्हीके , रानू गुप्ता कृषि, मनोज यादव उद्यान विभाग, गुरूसा लाल यादव मत्स्य विभाग डा डीपी व्दिवेदी पशुपालन विभाग को तैनात किया गया है ।

### प्रशासन की सजगता से रोका गया बाल विवाह

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन व्दारा जिले में बाल विवाह रोकने के निर्देश के परिपालन में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सदस्यों के द्वारा टीम गठित कर विकासखंड मानपुर के ग्राम चिल्हारी में परिवार को समझाइश देकर बाल विवाह को रोका गया। टीम व्दारा वधु पक्ष के परिजनों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों से अवगत कराते हुए समझाइश दी गई। टीम ने परिवारजनों के साथ ही ग्रामीण जनों को भी बाल विवाह के स्वास्थ्य पर दुष्परिणाम और कम उम्र में बालिका का विवाह करने पर कानूनी कार्यवाही की जानकारी दी जिससे वधू पक्ष के परिजनों ने बालिका की 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने के पश्चात ही विवाह करने की बात कही । बाल विवाह रोकने में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के साथी, आशा सुपरवाइजर, आशा कार्यकर्ता एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सरपंच की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### विकसित कृषि संकल्प अभियान किया जाएगा संचालित

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि भारत सरकार व्दारा विकसित कृषि संकल्प अभियान का संचालन खरीफ पूर्व 29 मई से 12 जून तक के लिए किया जाना है । अभियान के तहत केन्द्रीय योजनाओं एवं मप्र सरकार की प्रमुख योजनाओं , कृषि वैज्ञानिकों व्दारा इजाद की गई नवीन , उन्नत कृषि तकनीकियों तथा कृषकों में किए जा रहे नवाचारों की जानकारी स्थानीय स्तर पर कृषि वैज्ञानिकों , विभागीय अधिकारियों, कृषि उद्यमी एवं प्रगतिशील कृषको को दी जाएगी। उन्होने बताया कि जिला नोडल अधिकारी आर एन सिंह परिहार अनुविभागीय कृषि अधिकारी होगे । करकेली विकासखंड के लिए रामेश्वर सोलिया वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नोडल अधिकारी होगे । इसी तरह पाली विकासखंड के लिए सूरज सिंह आर्मो वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी नोडल अधिकारी होगे । मानपुर विकासखंड के लिए एम के दुबे वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी नोडल अधिकारी होंगे। इसके साथ ही तीनों विकासखंडो के लिए आरईओ संबंधित अधिकारी , वैज्ञानिक , विभिन्न विभाग के प्रभारी अधिकारी की डयुटी लगाई गई है।

## वनाधिकार एक्ट का क्रियान्वयन करते हुए वनों के संरक्षण पर भी ध्यान देना आवश्यक

# जनजातियां वनों की सबसे बड़ी पोषक और संरक्षक: कमिश्नर




**शहडोल।** वनाधिकार अधिनियम की रीवा और शहडोल संभाग की संयुक्त कार्यशाला विन्ध्या रिट्रीट होटल के सभागार में आयोजित की गई। कार्यशाला के प्रथम दिन वनाधिकार समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला के दूसरे दिन जिला स्तरीय वनाधिकार समिति के सदस्यों को सामुदायिक दावों के निपटारे के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि वनाधिकार अधिनियम ने पीढ़ियों से वन भूमि में खेती करने वाले तथा रहने वाले जनजातीय परिवारों एवं अन्य परिवारों के अधिकारों को मान्यता दी है। इसने वर्षों से वनों के साथ सह अस्तित्व में वनवासी परिवारों को जमीन का मालिकाना हक दिया है। जनजातीय परिवार परंपरागत रूप से वनों के पोषक और संरक्षक हैं। उनकी आजीविका मुख्य रूप से वनों पर ही निर्भर रही है। उनके रीति रिवाज, परंपराएं और धार्मिक अनुष्ठानों में भी वन अनिवार्य रूप से शामिल रहा है। वनाधिकार अधिनियम से व्यक्तिगत दावे में बहुत अच्छा कार्य हुआ है। अब सामुदायिक दावों को भी मान्यता देकर जनजातीय परिवारों की हमें सहायता करनी है। जनजातीय परिवार अगर न होते तो आज वन भी नाममात्र के ही बचे होते।

कार्यशाला में शहडोल संभाग के कमिश्नर सुरभि गुप्ता ने कहा कि कार्यशाला में सामुदायिक दावों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। सामुदायिक दावों के निराकरण के लिए अब किसी के मन में संदेह नहीं रहना चाहिए। वनाधिकार अधिनियम के तहत दर्ज सामुदायिक दावों का तत्परता से निराकरण करें। मुख्य वन संरक्षक रीवा राजेश राय ने कार्यशाला में कहा कि वनाधिकार अधिनियम ने जनजातीय परिवारों को भू अधिकार पत्र देकर उनके जीवन में बहुत बड़ा परिवर्तन किया है। व्यक्तिगत दावों के साथ-साथ वन भूमि में निस्तार और सामुदायिक उपयोग को भी एक्ट में मान्य किया गया है। इसके सामुदायिक दावों को मान्य करते हुए वन संरक्षण पर भी ध्यान देना आवश्यक है। वनों का संरक्षण करने वालों को ही वनाधिकार का लाभ दिया जाना चाहिए। शहडोल संभाग के सीसीएफ श्री एसके पाण्डेय ने कहा कि कार्यशाला में दी गई जानकारी से सामुदायिक दावों के निराकरण के लिए सही मार्गदर्शन मिला है। सामुदायिक दावों में किसी तरह का टकराव नहीं है। गांव की राजस्व सीमा, वनों का क्षेत्र तथा सामुदायिक कार्यों के लिए समुदाय के अधिकार तीनों पर हमें ध्यान देना होगा।

कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर वाई गिरि राव ने कहा कि सामुदायिक दावे से वन, राजस्व, जनजातीय कार्य और ग्रामीण विकास विभाग जुड़े हैं। अधिनियम के तहत गठित समितियों को राज्य से लेकर ग्राम स्तर तक कार्यशालाओं के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मध्यप्रदेश के 54903 गांवों में से 26555 गांवों में वनाधिकार एक्ट के दावे मान्य किए गए हैं। राष्ट्रीय वन नीति, वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम तथा पर्यावरण संरक्षण को ध्यान रखते हुए सामुदायिक दावे मान्य किए जाएंगे। वन भूमि अथवा उसके आसपास के क्षेत्र



में परंपरागत रूप से रहने वाले परिवारों को वन क्षेत्र में स्थित धार्मिक स्थल में पूजा-पाठ करने, जल श्रोतों के दोहन, मछलीपालन, वनोपज संग्रहण एवं निस्तार के दावे इसमें शामिल होंगे। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर श्री शरद लेले ने कहा कि वनाधिकार अधिनियम वन क्षेत्र में गैर वनीय कार्य को मान्यता देता है। सामुदायिक दावों में पूजा-पाठ, वनोपज संग्रहण, परंपरागत मार्ग से आने-जाने, पानी भरने तथा अन्य निस्तार शामिल हैं। सामुदायिक दावों में समुदाय के अधिकार के साथ-साथ उनके स्थल और क्षेत्र का भी निर्धारण किया जाना आवश्यक है। यदि एक गांव के निस्तार के दावे पर विचार किया जा रहा है तो आसपास के गांवों की भी उसमें सहमति आवश्यक होगी। गांव में उपलब्ध दस्तावेजों अथवा बुजुर्गों के कथन के आधार पर गांव की सीमा का निर्धारण किया जा सकता है। श्री लेले ने व्यक्तिगत दावे तथा सामुदायिक दावे दर्ज करने के लिए आवश्यक अभिलेखों एवं प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में वन-राजस्व सीमा विवाद के निराकरण के लिए वनों के व्यवस्थापन, पेसा एक्ट तथा वन संरक्षण के उपायों पर भी चर्चा की गई। कार्यशाला में रीवा, सीधी, सतना, शहडोल, अनूपपुर, मऊगंज तथा मैहर जिलों के कलेक्टर शामिल रहे। कार्यशाला में रीवा और शहडोल संभाग के जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, वन मण्डलाधिकारी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, जिला संयोजक ट्राईबल उपस्थित रहे। कार्यशाला के समापन पर उपायुक्त ट्राईबल ऊषा अजय सिंह ने आभार व्यक्त किया।

# पहली बरसात ने खोल दिया नगर परिषद नौरोजाबाद की पोल



### नगर के सड़कों का हाल-बेहाल, गहरे हुए गड्ढे बिखरी गिटियां

**नौरोजाबाद।** नगर परिषद नौरोजाबाद में वार्ड नंबर 7 के निवासी वकील वीरेंद्र मिश्रा ने बताया की नल-जल योजना के समय गड्ढा खोद दिया गया था, लेकिन उसके बाद कई बार नगर परिषद नौरोजाबाद के सीएमओ को खराब रोड की स्थित से अवगत कराया, लेकिन आज तक रोड का निर्माण कार्य नहीं कराया गया, वार्डवासियों को बारिश के चलते दिक्कत का सामना करना पड़ा रहा है, नगर के विकास कार्य में ग्रहण लग गया है, नगर के अधिकतर इलाकों की सडक़ों पर गहरे गड्ढे सडक़ हादसों को दावत दे रहे हैं, नागरिक सडक़ों पर गड्ढों और बिखरी गिटियां से भरे पानी से परेशान हो गए हैं। परिषद के अंदर चल रहे हैं शीत युद्ध के कारण विकास कार्य में ग्रहण लग



गया है, जिस उम्मीद के साथ नगर की जनता ने अध्यक्ष एवं पार्षदों को चुनकर विकास कार्य करने के लिए भेजा था, लेकिन विकास के दावे करने वाले जनप्रतिनिधियों को स्थानीय वार्डवासियों की समस्या से कोई सरोकार नहीं है।

### पहली बरसात ने खोली पोल

बेमौसम बरसात ने नगर पालिका की व्यवस्था और विकास की पोल खोल दी है, नगर की सडक़ों पर उभरे गड्ढे और बिखरी गिटियां लोगो के घटना एवं दुर्घटना का कारण बन गई है, नगर की सडक़ों पर पानी भर गया, जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है, नगर के अधिकतर इलाकों की सडक़ों पर गहरे गड्ढे सडक़ हादसों को दावत दे रहे हैं, सडक़ों पर गड्ढों ने लोगों की परेशानी को बढ़ा दी है, बारिश के दौरान जलभराव होने से गड्ढे और भी ज्यादा खतरनाक हो गये हैं। खासकर दो पहिया, ऑटो और ई-रिक्शा वाहन के पलटने से लोग घायल और चोट लगने की भी संभावना बनी हुई है।

# झिरिया मोहल्ला घाट में किया श्रमदान

### जल स्रोतों को संरक्षित करने के लिए लिया संकल्प




**उमरिया।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिला कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन एवं नगर पालिका परिषद मुख्य अधिकारी भूपेंद्र सिंह के मार्गदर्शन पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा झिरिया मोहल्ला घाट स्वच्छता अभियान आयोजित कर जल संरक्षण का दिया संदेश। हिमांशु तिवारी ने बताया कि हमारे लिए नदी के पानी कण-कण पूजनीय है। हम सभी को जल स्रोतों को संरक्षित एवं संवर्धन करने का कार्य करना चाहिए जिससे हमारी भावी पीढ़ी को जीवन जीने की कार्यशैली सिखा सकें और हमारे पशु-पक्षी भी सुरक्षित रह सकें। हम सभी को वृक्ष लगाने का कार्य करना चाहिए किंतु पौधा रोपण वही करें जहां पानी हो, इससे हमारा पानी भी बचेगा और हमारे वृक्ष भी बड़े होंगे इसलिए पौधा रोपण स्थान और जगह देखकर ही करें।आज के समय में जल संरक्षण की अति आवश्यकता है।वर्तमान मे हो रहा जल दोहन भविष्य में हानिकारक होगा।इसलिये जल संरक्षण के लिये जल संचयन की व्यवस्था करनी होगी।इस दौरान पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी,पर्यावरण मित्र खुशी सेन,संजीविनी पटेल,नेहा सिंह, रुद्र प्रधान, पलक सिंह, शुभम पटेल व सभी पर्यावरण मित्र उपस्थित रहे।

# 27 मई से होगा मोब्लाईजेशन कैंप का आयोजन

**उमरिया।** जिला परियोजना प्रबंधक मप्र डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन चंद्रभान सिंह ने बताया कि मोब्लाईजेशन कैंप का आयोजन 27 मई से 29 मई तक जिले की तीनों विकासखंडो में आयोजित होगा । कैंप में टाटा मोटर्स अहमदाबाद एवं आईटीआई मानपुर प्रतिभाग करेगे। उन्होंने बताया कि मानपुर विकासखंड में 27 मई को, करकेली विकासखंड में 28 मई को तथा पाली विकासखंड में 29 मई को मोब्लाईजेशन कैंप आयोजित किए जाएंगे । मानपुर विकासखंड के लिए समन्वय अधिकारी उमेश श्रीवास्तव, करकेली विकासखंड के लिए समन्वय अधिकारी पन्नालाल रजक, मनोज सिंह तथा पाली विकासखंड के लिए समन्वय अधिकारी संतराम प्रजापति होगे। मोब्लाईजेशन कैंप प्रातः 10-30 बजे से सायं 4 बजे तक किया जाएगा । उन्होने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत समस्त, विकासखंड प्रबंधक ग्रामीण आजीविका मिशन विकासखंड समस्त से कहा है कि जनपद पंचायत, नगर पंचायत में निर्धारित योग्यता रखने वाले युवक युवतियों को मोब्लाइजेशन कैंप में पंजीयन एवं नियोजन हेतु शामिल करावे एवं संस्था को निर्धारित तिथि में एक कक्ष पंजीयन हेतु उपलब्ध करावे । कैंप में न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास युवक युवतियों को रोजगार के अवसर प्रदाय किए जाऐंगे।

# देवरी में कराया गया बोरी बंधान



**हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।** जन अभियान परिषद के नेतृत्व में जिला अनूपपुर विकासखंड अनूपपुर ग्राम देवरी में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कराया गया बोरी बंधान एवं जल संरक्षण की शपथ कार्यक्रम आज दिनांक 23 मई 2025 को जन अभियान परिषद अनूपपुर विकासखंड अनूपपुर सेक्टर क्रमांक 1 ग्राम पंचायत देरी में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत शिव घाट में 97 बोरी से बोरी बंधान किया गया एवं शपथ भी करवाया गया। जिससे वहां के स्थानीय लोगों एवं जीव जंतु, पक्षियों को पानी मिल सके जल हमारे जीवन में कितना महत्वपूर्ण है एवं गर्मियों में नदी तालाब सूखने लगते है जिससे लोगों को और जीव जंतु पक्षियों को भी पानी नहीं मिल पाता। अतः शासन द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान में सभी को अपनी जनभागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए आज के इस कार्यक्रम में परामर्शदाता श्रीमति शिवानी सिंह, श्रीमति शारदा चौरसिया, विक्रम सिंह महोबिया, दिलीप शर्मा नवांकुर संस्था पसान प्रतिनिधि विकास कुमार नगर विकास प्रस्फुटन समिति अनूपपुर के अध्यक्ष अनिल सिंह परिहार cmcldp छात्र ओमवती, उषा सिंह, ममता देवांगन, आरती राठौर, पारस मुखर्जी, विजय कुमार पनिका सविता पारस, दिनेश सिंह एवं ग्रामीण जन की सहभागिता रही।

# मुक्तिधाम की मरम्मत कार्य जल्द करवाये जाने के निर्देश दिए

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 8 में स्थित मुक्तिधाम की समस्या को लेकर विगत दिनों नगर पालिका अध्यक्ष अजय सराफ, पार्षद एवं अधिकारियों के साथ वार्ड क्रमांक 8 में स्थित मुक्तिधाम का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मुक्तिधाम में निर्मित टीन शेड एवं कुछ टाइल्स में टूटे हुए थे। जिसको मरम्मत कार्य जल्द से जल्द करवाये जाने के निर्देश दिए गए। परिसर में तैनात चौकीदार को नियमित सफाई करते हुए व्यवस्था दुरुस्त रखने एवं पेड़ पौधों को दोनों टाइम पानी सिंचाई करने की बात कही गई। परिसर को व्यस्थित एवं हरा भरा बना रहे। नगर पालिका अध्यक्ष अजय सराफ ने बताया कि नगर के बनिया टोला की सड़क वर्षों से जर्जर स्थिति में होने के कारण आए दिन दुर्घटना घटित होने



के साथ वार्ड वासियों को आवागमन करने में भी परेशानी होती थी। बारिश के पूर्व सड़क का निर्माण कराया गया जिससे बरसात में लोगों को परेशानी का सामना ना करना पड़े। वार्ड क्रमांक 4 में दर्री टोला एवं मुन्ना गुप्ता के निवास से मुख्य मार्ग की सड़क भी जर्जर हो गई थी जिसकारण अस्पताल, नगर पालिका, कन्या स्कूल, छात्रावास सहित प्रतिदिन सैकड़ो ग्रामीणों को हाइवे होकर निगवानी जाने वाले ग्रामीणों को असुविधा का सामना करना पड़ता रहा। गंभीरता के साथ जर्जर सड़क का डामरीकरण कार्य गुणवत्ता युक्त कराया गया। सड़क बनने से आमजन को आवागमन करने मे आसानी होगी साथ ही दुर्घटना से भी बचाव होगा। नपा अध्यक्ष अजय सराफ ने बताया कि नगर के विभिन वार्डो में परशुराम भवन, इनडोर स्टेडियम, बाजार में शॉपिंग मॉल सहित अन्य बड़े विकास के कार्य तेजी से चल रहे है जो जल्दी ही नगरवासियों को सौगात में भेट की जाएगी।

# सड़क सुरक्षा अभियान नहीं आ रहा काम

### दो दुर्घटना के मामले ने खोली पोल



**हरिभूमि न्यूजकोतमा।** यातायात विभाग के द्वारा सड़क दुर्घटना को कम करने के उद्देश्य से आए दिन अभियान चलाया जा रहा है लोगों को जागरूक करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में चौपाल भी लगाया जा रहा है उसके बाद भी लोग जागरुक नहीं हो रहे हैं जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही है। ऐसे ही मामले प्रतिदिन सामने आ रहे हैं। कोतमा थाना क्षेत्र मे दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना का मामला सामने आया है। जिसमे पहला मामला नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 12 गोविंदा कालरी रिस्क्यू आफिस के पास गुरुवार की रात लगभग 9.30 बजे के लगभग किसी अज्ञात स्कॉर्पियो वाहन चालक ने दो पहिया वाहन चालक रवि नापित निवासी कोतमा को जोरदार ठोकर मार दी जिसमें दो पहिया वाहन चालक रवि नापित को गंभीर चोट आई। जैसे ही एक्सीडेंट की जानकारी वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद प्रतिनिधि अर्पण सिंह उर्फ विक्कू समी अहमद अलफात अंसारी को हुई मौके पर पहुंचकर घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा लेकर आए, जहां प्राथमिक इलाज के बाद, गंभीर हालत को देखते हुए जिला चिकित्सालय अनुपपुर रेफर किया गया। दूसरे मामले मे तेज रफ्तार वाहन चलाने के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रहे हैं। नए मामले में दो पहिया वाहन चालक के द्वारा तेज गाड़ी चलाते हुए वाहन अनियंत्रित होकर खेत में पलट गया । वाहन चालक रुद्रेश कुमार सिंह 32 वर्ष निवासी केल्हारी के मुंह, पैर एवं अन्य हिस्सों में चोट आने व खून से लथपथ होने पर स्थानीय लोगों द्वारा सूचना समाजसेवी शिवांश सिंह को दी गई। घटनास्थल पहुंचते हुए घायल को अपने वाहन में सवार कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में ले जाकर भर्ती कराया गया। सूचना पर जांच की जा रही है।

# रेत चोरी कर परिवहन करते पाए जाने पर बिजुरी पुलिस ने की कार्यवाही




**हरिभूमि न्यूजअनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर्र रहमान के द्वारा अवैध रेत परिवहन पर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर इसरार मन्सूरी एवं एस.डी.ओ.पी. कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के मार्गदर्शन में सतत कार्यवाही की जा रही है। अवैध रेत परिवहन पर बिजुरी पुलिस द्वारा 22–23/05/2025 की दरमियानी रात्रि को मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही कर 01 डग्गी अवैध रेत परिवहन करते पाए जाने पर पर कार्रवाई की गई है। घटना का विवरण इस प्रकार है कि बिजुरी पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि एक लाल पीले रंग के टाटा कंपनी की डग्गी का चालक गुलिदांड तरफ़ से अवैध रेत उत्खनन कर परिवहन कर रहा है, सूचना की तस्दीक हेतु टीम गठित कर ग्राम कोठी के पकरिया नाला के पास घेराबंदी कर एक पीले लाल रंग के टाटा कंपनी के डग्गी जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर MP 65 GA 1049 है, से अवैध रेत खनिज उत्खनन कर परिवहन करते पाया गया पूछताछ पर परिवहन हेतु कोई वैध दस्तावेज नहीं होना बताया तो उक्त डग्गी को विधिवत जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया तथा आरोपी वाहन मालिक चालक जगबंधन पाव पिता सुग्रीव पाव उम्र 25 वर्ष निवासी बेलगांव थाना बिजुरी के विरुद्ध अप. क्र 158/25 धारा 303 (2), 317 (5) बीएनएस 4/21 खान खनिज अधिनियम का पंजीबद्ध किया जाकर अनुसंधान किया जा रहा है। उक्त रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी बिजुरी निरी विकास सिंह, सउनि प्रभाकर पटेल, आर.प्रभाकर त्रिपाठी, राजदेव सिंह की उल्लेखनीय भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### स्वस्थ्य जीवन के लिए स्वस्थ्य कार्य शैली अपनाएं: सीएमएचओ

**शहडोल।** स्वास्थ्य ही सबसे उत्तम धन है। स्वस्थ्य रहने के लिए स्वस्थ्य कार्य शैली अपनाना अवश्यक है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश मिश्रा ने बताया कि यथा संभव लिफ्ट की जगह सीढ़ियो का उपयोग करें। हर एक दो घंटे में टहलने एवं एस्ट्रेचिंग के लिए ब्रेक लें। कंधों को घुमाने जैसे सरल व्यायाम करें। बैठकों के दौरान स्वस्थ्य खाद्य का विकल्प चुनें। प्रतिदिन कम से कम 60 मिनट खेलें। मोबाईल का उपयोग कम से कम करें। जंक फूड की जगह फल-फूल और घर में बने स्नैक्स का प्रयोग करें। भोजन में बैलेंस डाइट जिसमें सब्जी रोटी और सभी तरह के अनाज शामिल हों का प्रयोग करें और 8 से 10 घंटे गहरी नींद लें।

### वृक्षारोपण के लिए तैयार करें कार्ययोजना: सीईओ

**शहडोल।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरेंद्र सिंह धुर्वे ने जनपद पंचायत गोहपारू क्षेत्रांतर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किये गए कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान सीईओ जिला पंचायत ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल एक एक बूंद को सहेजने के जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान 30 जून 2025 तक चलाया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान में खेत तालाब तथा अमृत सरोवरों के निर्माण कार्य में तेजी लाएं, ट्यूबवेल और कुंओं में रिचार्ज पिट बनाने का लक्ष्य दिया गया है। रिचार्ज पिट बनाने का कार्य यथाशीघ्र अनिवार्य रूप से पूरा करा लें। मानसून को दृष्टिगत रखते हुए तेजी से निर्माण कार्य पूरे कराएं। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मनरेगा योजना से अपूर्ण कार्यों को पूरा कराने में भी विशेष ध्यान दें। जल गंगा संवर्धन अभियान को जन-जन का अभियान बनाएं। अभियान के दौरान वृक्षारोपण के लिए स्थान निर्धारित करके वृक्षारोपण की भी तैयारी शुरू करा दें। जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि 580 खेत तालाब का लक्ष्य अनुसार 397 कार्य प्रारंभ पाऐ गये, डगवेल रिचार्ज पिट 74 के लक्ष्य के विरुद्ध 92 की पूर्ति की गई, पुराने वर्ष के कार्यों को जो 627 शेष कार्य है। जिन ग्राम पंचायतो में खेत तालाब के लक्ष्य अनुसार पूर्ति की गई उनमें ग्राम पंचायत भदवाही, सरना, सकरिया, गोडारु, सरसी, रतहर, पैलवाह, रामपुर, बरमनिया शामिल है तथा जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों में लापरवाही बरतने पर ग्राम पंचायत चुहिरा, देवरी ना. हर्राटोला, कनवाही. नवाटोला, ददराटाला, बरेली, चुहिरी, हरी, खाम्हा, लेदरा सुडवार उचेहरा, लोढी, महरोई असवारी, देवरी नंबर 2, देवदहा, करुआ के सचिवों एवं रोजगार सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

# अमृत सरोवर तथा खेत तालाबों को बनाने का किया जा रहा कार्य

**उमरिया।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग व्दारा अमृत सरोवर, खेत तालाब, डगवेल रिचार्ज, मनरेगा योजना के तहत प्रगतिरत कार्यो को पूर्ण कराया जा रहा है । उन्होंने बताया कि करकेली विकासखंड में 19 मई तक की स्थिति में अमृत 5 लक्ष्य के विरूद्ध 9 स्थलों का चयन किया गया है । जिसमें 4 की तकनीकी स्वीकृति , प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है तथा कार्य प्रारंभ है । मानपुर विकासखंड में 5 अमृत सरोवर लक्ष्य के विरूद्ध 7 स्थलों का चयन किया गया है जिसमें 5 की तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है तथा कार्य प्रारंभ है । पाली विकासखंड में एक अमृत सरोवर की प्रशासकीय एवं तकनीकी स्वीकृति जारी की गई है तथा कार्य प्रारंभ है । इसी तरह खेत तालाब योजना के तहत करकेली विकासखंड में 280 लक्ष्य के विरूध्द 280 स्थलों का चयन किया गया है जिसमें सभी में तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है तथा 230 में कार्य प्रारंभ है । मानपुर विकासखंड में 270 लक्ष्य के विरूध्द सभी में तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है तथा कार्य प्रारंभ है । पाली विकासखंड में 160 लक्ष्य के विरूध्द सभी में प्रशासकीय एवं तकनीकी स्वीकृति जारी की गई है तथा 140 में कार्य प्रारंभ है। इसी प्रकार डगवेल रिचार्ज में करकेली विकासखंड में 450 लक्ष्य के विरूध्द 450 में तकनीकी स्वीकृति तथा 452 में प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है तथा 284 मे कार्य प्रारंभ है । मानपुर विकासखंड मंर 450 लक्ष्य के विरूद्ध 450 में तकनीकी स्वीकृति तथा 424 में प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है तथा 358 में कार्य प्रारंभ है । पाली विकासखंड में 200 लक्ष्य के विरूध्द सभी में तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है तथा 192 कार्य प्रारंभ है । उन्होने बताया कि मनरेगा योजना अंतर्गत प्रगतिरत कार्यो को पूर्ण कार्यों में करकेली विकासखंड में पूर्व से प्रगतिरत कार्यो की संख्या 843, पूर्ण कार्यो की संख्या 70 तथा पूर्ण कराये जाने हेतु शेष कार्यो की संख्या 773 है । इसी तरह मानपुर विकासखंड में पूर्व से प्रगतिरत कार्यो की संख्या 1239, पूर्ण कार्यो की संख्या 71 तथा पूर्ण कराये जाने हेतु शेष कार्यो की संख्या 1168 है । पाली विकासखंड में पूर्व से प्रगतिरत कार्यो की संख्या 302 तथा पूर्ण कार्यो की संख्या 24तथा पूर्ण कराये जाने हेतु शेष कार्यो की संख्या 278 है।

## श्री श्याम बाबा के 22 वें वार्षिक महोत्सव पर ओ.पी.एम. में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव तथा श्री श्याम भजन संध्या का होगा आयोजन



**बुढार।** श्री श्याम बाबा के 22 वें वार्षिक महोत्सव के पुण्य अवसर पर ओ.पी.एम. अमलाई स्थित श्री श्याम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं श्री श्याम भजन संध्या सहित विविध धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन 25 मई से 31 मई तक आयोजित किया गया है, जो भव्यता पूर्वक संपन्न होगा।श्री श्याम मंदिर ओ.पी.एम. में श्री श्याम बाबा के 22 वें वार्षिक महोत्सव पर श्री लक्ष्मी नारायण जी की तथा श्रीराम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा 28 मई को वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य विधि-विधान पूर्वक धर्मानुरागियों की उपस्थिति में यज्ञाचार्य - पंडित श्री कपिल मुनि (शास्त्री जी) द्वारा संपन्न कराया जायेगा।कार्यक्रम की श्रृंखला में 25 मई को प्रातः श्री श्याम मंदिर से प्रातः 8 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी जो ओ.पी.एम. के मुख्य मार्गो से होते हुये वापस मंदिर पहुंचेगी इसके उपरांत विधि-विधान पूर्वक पूजन-अर्चन सहित विविध कार्यक्रमों को संपादित कराया जायेगा और 30 मई को भव्य निशान यात्रा शायं 5 बजे श्री श्याम मंदिर ओ.पी.एम. से निकाली जायेगी जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु धर्म प्रेमी अपनी सहभागिता निभायेंगे।श्री श्याम बाबा के 22 वें वार्षिक महोत्सव कार्यक्रम को - करने वाला श्याम, कराने वाले श्याम के संयोजकत्व में आयोजित इस कार्यक्रम की श्रृंखला में 31 मई को श्री श्याम भजन संध्या का भव्य आयोजन किया गया है, कार्यक्रम में - हरमिन्दर सिंह रोमी (खलीलाबाद उ.प्र.), श्री कृष्नेहा पाण्डेय (बिलासपुर), श्यामा दिवाना ईशू (बिलासपुर), गिरधर व्यास (भाटापारा), अम्बे-अंजलि (बुढार), निर्मल जी संगीतकार (दुर्ग) द्वारा संगीत के मधुर ध्वनि के मध्य प्रेरणादायी भजनों की एक से बढकर अनेक मनमोहक प्रस्तुति देंगे जिससे समूचा वातावरण श्रद्धा एवं भक्ति में सराबोर रहेगा।

## शासकीय महाविद्यालय बुढार जन भागीदारी समिति की बैठक में पं.अटल बिहारी वाजपेयी के नामें युवा प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किये जाने सहित अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया

**बुढ़ार।** प्रधानमंत्री कॉलेज कॉलेज ऑफ़ एक्सेलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय बुढ़ार की जनभागीदारी समिति की बैठक जैतपुर क्षेत्र के विधायक जयसिंह मरावी के मुख्यातिथ में तथा एस.डी.एम. श्रीमती अमृता गर्ग के आतिथ्य व महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष नीलेश जैन की अध्यक्षता एवं प्राचार्य डॉ श्रीमती गंगा मिश्रा, जनभागीदारी समिति प्रभारी डॉ अनिल कुमार उपाध्याय, डॉ राधेश्याम नापित, डॉ आई.के. बेक की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई, जिसमें पं. अटल बिहारी वाजपेयी जी के नामें युवा प्रतिभा सम्मान से छात्रों को सम्मानित किये जानें सहित अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। शासकीय महाविद्यालय जनभागीदारी समिति की आहुत बैठक में महाविद्यालय के प्रतिभावान छात्रों को पं. अटल बिहारी वाजपेयी जी के नाम पर युवा प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किये जानें का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया, वहीं 50 सीटर नवीन बालक छात्रावास का निर्माण, सुरक्षा गार्ड रूम का निर्माण, कक्षाओं के निरंतर संचालन एवं मॉनिटरिंग की व्यवस्था हेतु प्रस्ताव रखा गया वहीं निर्धन छात्रों के लिये छात्र सहायता निधि बनाकर शैक्षणिक शुल्क की व्यवस्था के संदर्भ में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना में शामिल छात्रों को पूर्ण गणवेश की उपलब्धता जनभागीदारी मद से किये जानें निर्णय लिया गया तथा नवीन सत्र 2025-26 में पी.एस.सी. एवं प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु निःशुल्क क्लासेस, गायन वादन, नृत्य कला हेतु निःशुल्क कक्षाओं का संचालन प्रारंभ करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक के उपरांत विधायक जयसिंह मरावी, एस.डी.एम. श्रीमती अमृता गर्ग एवं जनभागीदारी अध्यक्ष निलेश जैन, प्राचार्य डॉ गंगा मिश्रा द्वारा जर्जर हो चुके बालक छात्रावास का निरीक्षण किया गया और महाविद्यालयीन छात्रों की समस्यायें सुनी और समाधान करानें आश्वस्त कराया। जनभागीदारी समिति की आहुत बैठक में सदस्य सुधाकर शर्मा, विशाल मनवानी, धर्मेंद्र दुबे, प्रतिमा जैन, प्रवीण बढ़ोलिया, बृजेन्द्र द्विवेदी, सदानंद भारती, शक्ति शुक्ला, की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



## अघोरी बन दुकानदार के गल्ले से निकाले रूपये

**हरिभूमि, शहडोल।** जिले के बुढार थाना क्षेत्र अंतर्गत रिलायंस ट्रेंड के सामने स्थित ऑन लाइन कम्प्यूटर सेंटर में गुरुवार शाम अघोरी की वेश भूषा में आए युवक ने दुकानदार के गल्ले में हाथ डालकर सारे पैसे जबरन निकाल लिए। जब दुकानदार ने इसका विरोध किया तो, कथित अघोरी ने श्राप देकर भस्म कर कर दिए जाने की धमकी देकर रुपए लेकर भागने लगा। जब आस-पास के दुकानदारों को जानकारी लगी तो वह भी वहां पहुंच गये । जिसके बाद पुलिस को इस घटना की सूचना दी गयी, कुछ ही देर में पुलिस वहां पहुंच गयी और कथित अघोरी बाबा को थाने ले गयी।बुढार थाना क्षेत्र अंतर्गत रिलायंस ट्रेंड्स के सामने स्थित नमो ऑन लाइन कंप्यूटर सेंटर में शाम करीब 4 बजे अघोरी की वेश भूषा में काला वस्त्र पहने एक युवक पहुंचा, उसे देख दुकानदार मोहन गुप्ता ने गल्ले से 10 रुपए निकाला और उस तथा कथित बाबा को देने लगा, तभी उस अघोरी ने जबरन अपने हाथ से गल्ला खोला और उसमें रखे सारे रुपए निकालकर भागने लगा, जिस पर दुकान संचालक ने इसका विरोध करते हुए रुपए वापस करने की बात कही, लेकिन उक्त अघोरी ने दुकानदार को धमकाते हुए कहा कि अगर बाबा से रुपए मांगेगा तो वह तुझे अभी यहीं श्राप देकर भस्म कर देगा, इस बीच विवाद सुनकर आस-पास के दुकानदार पहुंच गये। कथित अघोरी से जब उसके बारे में लोगों ने पूछताछ की तो, वह अपना नाम व पता नहीं बता रहा था, उससे आधार कार्ड दिखाने के लिए दुकानदारों ने कहा तो वह धमकियां देने लगा, इससे पूर्व उसने नेहरु डिग्री कालेज मार्ग में अन्य दुकानो में भी ऐसी ही हरकत की थी, बाबा ने काले रंग का कुर्ता तथा नीचे काले रंग की बिना सिलाई वाली लुंगी पहन रखी थी, उसने दुकानदारों के सामने अपनी लुंगी खोल अश्लीलता भी की, जिसका दुकान संचालक द्वारा विरोध किया गया। कथित अघोरी की शिकायत पुलिस को की गई, जिसके बाद पुलिस उसे पकडक़र थाने ले गई।

### विश्व जैव विविधता दिवस के अवसर पर परिचर्चा का किया गया आयोजन

# लघु वनोपज पंजीयन संबंधित लोगो को दी गई जानकारी, किया गया पौधरोपण



**शहडोल।** विश्व जैव विविधता दिवस के अवसर पर वन संरक्षक वन वृत्त शहडोल अजय कुमार पाण्डेय एवं सुश्री तरुणा वर्मा वनमण्डलाधिकारी उत्तर शहडोल के निर्देशन में वनमण्डल उत्तर शहडोल अन्तर्गत रेशम सिंह धुर्वे उप वनमण्डलाधिकारी ब्यौहारी एवं मुकुल सिंह ठाकुर उप वनमण्डलाधिकारी जयसिंहनगर के प्रयास से समस्त वन परिक्षेत्रों मुख्यतः अमझोर, जयसिंहनगर, गोदावल, पूर्व ब्यौहारी एवं पश्चिम ब्यौहारी में जैव विविधता कल आज और कल विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई, जिसमें आस-पास के क्षेत्र में 50 से 70 सालों में क्या-क्या परिवर्तन आया, इस विषय पर चर्चा की गई, साथ ही जैव विविधता के महत्व उसका उपयोग, एवं ग्रामीणों को उसके क्या क्या लाभ है, इसके बारे में बताया गया, एवं उसके संरक्षण के बारे में जानकारी दी गई। जिसमें आम ग्रामीणों एवं वनोपज का व्यापार करने वाले व्यापारियों में सहभागिता सुनिश्चित की। वन परिक्षेत्र अमझोर अन्तर्गत सीधी परिक्षेत्र सहायक परिसर में जैव विविधता दिवस पर कार्यशाला का आयोजन उप वनमण्डलाधिकारी जयसिंहनगर एवं वन परिक्षेत्राधिकारी अमझोर की उपस्थिति में किया गया। तथा लोगों को जैव विविधता के महत्व में बताया गया। जैव विविधता अधिनियम के अन्तर्गत पंजीयन भी करवाने हेतु कहा गया। परिचर्चा के दौरान जंगलों का महत्व, वन्यप्राणी विचरण के सम्बन्ध में आवश्यक सावधानियों एवं अवैध कटाई से नुकसानी के सम्बन्ध में लोगों को बताया गया कि वनों की अवैध कटाई में कमी से वनों में जैव विविधता बढ़ी है। अन्तराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस 2025 के अवसर पर ग्राम सिमौढ में वृक्षारोपण कर, बैठक का आयोजन किया गया।

परिचचर्चा में वनों में पाई जानें वाली औषधियों एवं अन्य लघुवनोपज के विषय में परिचर्चा की गई, जिसमें वर्तमान समय में वनों में पाई जाने वाली औषधी, लघुवनोपज की मात्रात्मक वृद्धि हुई है। वनों में जैव विविधता के प्रकार घनत्व विषय पर परिचर्चा की गई, वनों की अवैध कटाई से रोकथाम होने पर जैव विविधता के प्रकार एवं घनत्व में वृद्धि हुई है। लघुवनोपज का व्यापार करने वाले व्यापारियों का जैव विविधता पंजीयन वर्तमान स्थिति एवं पंजीयन की प्रक्रिया के विषय में परिचर्चा की गई। लोगो को यह भी बताया गया कि जैव विविधता अधिनियम में व्यापारियों का पंजीयन कराना अति-आवश्यक है, क्योकि जो वन संम्पदा है, वह वहाँ के रहने वाले स्थानीय व्यक्तियों की है, और उन्हीं लागो को उसका लाभ मिलना चाहिए, जो उसको इतनों सालों तक बचा कर रखे है, तथा स्थानीय ग्रामीणजनों को यह भी बताया गया कि जिन व्यापारियों का पंजीयन है, उन्हीं व्यापारियों को लघुवनोपज दी जाय। इस हेतु व्यापारियों को भी आमंत्रित किया गया कि, व्यापारी अपना पंजीयन करा लेवे, तथा ग्रमीणों को यह भी समझाईस दी गई कि यदि कोई व्यापारी बिना पंजीयन के लघुवनोपज की खरीदी करता है, तो वन विभाग को सूचित करें। यदि बिना पंजीयन के लघु वनोंपज का संग्रहण किया जावेगा तो व्यापारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

# ...तो अब शिकायत के बाद सुरक्षित नहीं भाजपा नेता



### डॉक्टर ने हथियार लेकर मारने का किया प्रयास

**हरिभूमि, शहडोल।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ार में पदस्थ डाक्टर सचिन कार्खुर के खिलाफ बीते माहों में भ्रष्टाचार संबंधित शिकायत की गयी थी, जिसकी जांच के लिए सीएमएचओ कार्यालय से दो सदस्यीय जांच टीम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनपुरी पहुंची थी, उक्त टीम में डीएचओ डाक्टर एस.डी.कंवर एवं संतोष सिंह शामिल थे, जांच टीम के सदस्य संतोष सिंह द्वारा पूर्व भाजपा नेता सूर्यप्रकाश रजक ,प्रकाश रौतेल तथा रवि कश्यप को कॉल करके अस्पताल में बयान देने के लिए बुलवाया गया था, इसके अलावा माह जनवरी में कांग्रेस नेता मोहम्मद साबिर द्वारा की गयी शिकायत की जांच के परिपेक्ष्य में उन्हें भी जांच टीम द्वारा अस्पताल बुलाया गया था, ताकि शिकायत पर आगे जांच व कार्यवाही की जा सके। उक्त भाजपा एवं कांग्रेस नेता के बयान दर्ज करने के बाद जांच टीम द्वारा डाक्टर सचिन कार्खुर का बयान दर्ज करने की बात कहते हुए इन शिकायतकर्ताओं को घर जाने के लिए कहा, जिसके बाद शिकायतकर्ता भाजपा नेता व अन्य लोग अपने घर की ओर जैसे ही रवाना हुए, तभी डाक्टर सचिन कार्खुर ने अपने केबिन में रखी आलमारी से एक धारदार लोहे हथियार लेकर शिकायतकर्ताओं का नाम लेकर गालिया देते हुए अस्पताल के बाहर उन्हें मारने आए, लेकिन तब तक उक्त सभी शिकायतकर्ता वहाँ से जा चुके थे ।

### एफआईआर दर्ज करने की मांग

घटना को देख जांच टीम सकते में आ गयी, उन्हें लगा कि कहीं कोई हादसा न हो जाए, इसलिए डाक्टर कंवर ने स्वयं सूर्यप्रकाश रजक एवं मोहम्मद साबिर के मोबाइल में कॉल करके कहा कि आप लोग अगर अस्पताल से बाहर हो तो, वहाँ से भाग जाइए ,डाक्टर कार्खुर हथियार लेकर आप लोगों पर हमला करने आ रहें है, जिसके बाद रास्ते में मौजूद उक्त शिकायतकर्ता अपने भाजपा पदाधिकारियों के साथ शिकायत करने सीधे धनपुरी थाना पहुँचे, जहां लिखित शिकायत देकर डाक्टर सचिन कार्खुर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की ।

### फुटेज डिलीट करने की आशंका

थाने में मौजूद भाजपा नेताओं ने थाना प्रभारी से कहा कि डाक्टर कार्खुर की यह हरकत अस्पताल के अंदर मौजूद सीसी टीवी में कैद हो गयी होगी , अगर उसे जल्द नहीं निकलवाया गया तो, उक्त डाक्टर द्वारा उसे डिलीट कराया जा सकता है, जिस पर थाना प्रभारी श्री पेंद्रों ने उक्त फुटेज मंगवाने के साथ ही कहा कि डाक्टर द्वारा कुछ गड़बड़ी की गयी तो, सायबर सेल से इसकी जांच कराई जाएगी। हालाकि लोगों का कहना है कि इस मामले में सीसीटीवी फुटेज निकालकर निष्पक्ष जांच करनी चाहिए, जिससे हकीकत सामने आये और जिसकी गलती हो, उस पर आपराधिक प्रकरण दर्ज होना चाहिए।

### भाजपा नेताओं का लगने लगा जमावड़ा

घटना की जानकारी लगने के बाद भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश तिवारी , मंडल महामंत्री द्वय रवि कश्यप ,अनिल जायसवाल ,पूर्व मंडल अध्यक्ष संजू चांदवानी सहित दर्जन भर भाजपा नेता के साथ-साथ कांग्रेस नेता मोहम्मद साबिर ,वसीम खान उफर् सोमू , मोहम्मद युसूफ समेत कई अन्य स्थानीय नेतागण थाना पहुंच गये, सभी ने डाक्टर सचिन कार्खुर के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है, साथ ही इस घटना की जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष अमिता चपरा को भी दी गयी, जिस पर उन्होंने थाना प्रभारी से बात कर इस मामले की जांच कराकर उचित कार्यवाही करने के लिए कहा है ।

### इनका कहना है...

डाक्टर सचिन कार्खुर के खिलाफ लिखित शिकायत मिली है । शिकायतकर्ताओं के साथ-साथ जांच टीम के डॉक्टर एस.डी.कंवर का बयान लेकर जांच उपरांत आवश्यक क़ानूनी कार्यवाही की जाएगी ।

**खेम सिंह पेंद्रो**



# शिक्षकों का तीन दिवसीय वर्चुअल लैब प्रशिक्षण संपन्न

**शहडोल।** जिले में शासकीय हाई-हायर सेकेंडरी में कक्षा 10 विज्ञान विषय के अध्यापन कार्य करने वाले शिक्षकों का तीन दिवसीय वर्चुअल लैब प्रशिक्षण आयोजित हुआ, समग्र शिक्षा अभियान के तहत हाई स्कूल-हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्र-छात्राओं को शिक्षा की आधुनिक तकनीक और ऑनलाइन शिक्षा को बढ़ावा देने वर्चुअल लैब अर्थात आभासी लैब के माध्यम से प्रयोग करने की शिक्षा दी जा रही है, यह एक ऐसा माध्यम है, जिसमें विद्यार्थियों बिना लैब में जाए ही ऑनलाइन देखकर प्रयोग को समझेगा और उसे ऐसा अनुभव होगा कि वह खुद प्रयोग कर रहा है, उक्त प्रशिक्षण अपर संचालक लोक शिक्षा के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी फूल सिंह मारपची, सहायक संचालक जे.पी.गुप्ता, एडीपीसी अरविंद कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में वर्चुअल लैब के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई और विषय एवं प्रयोग को सुनना निर्देश पढ़ना और वर्चुअल टूल्स का उपयोग करना बताया गया। पीएम श्री शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल एमएलबी कन्या विद्यालय में आयोजित हुआ, उक्त प्रशिक्षण में जिले के 90 प्रतिभागियों ने सहभागिता की भोपाल से प्रशिक्षण प्राप्त मार्गदर्शी शिक्षक श्रीमती साधना जैन प्राचार्य पीएम श्री शास एमएलबी कन्या उ.मा. विद्यालय एवं दीप नारायण तिवारी उच्च माध्यमिक शिक्षक शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल के द्वारा दिया गया। जिला शिक्षा कार्यालय से सहयोगी के रूप में डेमन कुमार यादव, नीलेश मिश्रा, आशीष मिश्रा प्रशिक्षण में विशेष भूमिका रही, शिक्षकों को ए से ऐप पर प्रैक्टिकल एवं लेसन प्लान तैयार करना ओलैब्स, पीएचईटी, सिमुलेशन जिओ जेब्रा जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से परिचय कराया गया, यह प्रशिक्षण अन्य प्रशिक्षण से अलग था, क्योंकि इस प्रशिक्षण में स्वयं लैपटॉप एवं डेस्कटॉप पर कार्य करना सीखा, उक्त प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के अंदर जिज्ञासा जगाना और उन्हें प्रयोग करने के लिए उत्साहित करना साथ ही ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रयोग से संबंधित बुनियादी अवधारणाओं को सिखाना है कार्यक्रम के अंत में सर्टिफिकेट वितरण किए गए।

## खबर संक्षेप

### नॉन इंटरलाकिंग के कारण थमेंगे रेल पहिये, यात्रियों की बढ़ेगी परेशानी



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास कार्य करने के लिए झलावारा स्टेशन पर **IRCON** द्वारा कटनी ग्रेड सेपरेटर लाइन (कटनी-मुड़वारा से) और सिंगरौली दिशा की ओर टाई-लाइन की कनेक्टिविटी के कमीशनिंग के लिए नॉन-इंटरलॉकिंग कार्यक्रम में सम्मिलित होना स्वीकृत किया गया है। यह कार्य बिलासपुर मंडल के अंतर्गत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा किया जा रहा है। इस कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबन्धित गाडियों का परिचालन प्रभावित रहेगा।

यह गाडियां रहेंगी रद्द

01 से 07 जून को गाड़ी संख्या 18236 बिलासपुर - भोपाल एक्सप्रेस, 03 से 09 जून को गाड़ी संख्या 18235 भोपाल - बिलासपुर एक्सप्रेस, 02 से 07 जून को गाड़ी संख्या 11265 जबलपुर – अम्बिकापुर एक्सप्रेस, 03 से 08 जून को गाड़ी संख्या 11266 अम्बिकापुर – जबलपुर एक्सप्रेस, 02, 04 एवं 06 जून को गाड़ी संख्या 11751 रीवा – चिरमिरी एक्सप्रेस, 03, 05 एवं 07 जून को गाड़ी संख्या 11752 चिरमिरी - रीवा एक्सप्रेस, 02 एवं 05 जून को गाड़ी संख्या 12535 लखनऊ – रायपुर एक्सप्रेस, 03 एवं 06 जून को गाड़ी संख्या 125356 रायपुर - लखनऊ एक्सप्रेस, 03 एवं 06 जून को गाड़ी संख्या 22867 दुर्ग – निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस, 04 एवं 07 जून को गाड़ी संख्या 22868 निज़ामुद्दीन – दुर्ग एक्सप्रेस, 01 जून को गाड़ी संख्या 18213 दुर्ग - अजमेर एक्सप्रेस, 02 जून को गाड़ी संख्या 18214 अजमेर –दुर्ग एक्सप्रेस, 05 जून को गाड़ी संख्या 18205 दुर्ग – नवतनवा एक्सप्रेस, 07 जून को गाड़ी संख्या 18206 नवतनवा – दुर्ग एक्सप्रेस, 03, 05 एवं 07 जून को गाड़ी संख्या 51755 चिरमिरी – अनुपपुर पैसेंजर, 03, 05 एवं 07 जून को गाड़ी संख्या 51756 अनुपपुर - चिरमिरी पैसेंजर, 02 एवं 07 जून को गाड़ी संख्या 61601 कटनी - चिरमिरी पैसेंजर, 03 एवं 08 जून को गाड़ी संख्या 61602 चिरमिरी - कटनी पैसेंजर रद्द रहेगी।

यह गाडियां चलेंगी परिवर्तित मार्ग से

02 से 06 जून को गाड़ी संख्या 15231 बरौनी – गोंदिया एक्सप्रेस व्हाया बरौनी, कटनी, जबलपुर, नैनपुर, बालाघाट एवं गोंदिया से होते हुए चलेगी। 02 से 06 जून 2025 को गाड़ी संख्या 15232 गोंदिया – बरौनी एक्सप्रेस व्हाया गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर, जबलपुर, कटनी एवं बरौनी से होते हुए चलेगी।

### कुआं में गिरने से घायल युवक की अस्पताल पहुंचाने के पहले हुई मौत

**अनूपपुर।** कोतवाली थाना अनूपपुर अंतर्गत अंकुआ गांव में शुक्रवार की दोपहर युवक के कुंआ मे गिरने से घायल होने पर परिजनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय अनूपपुर लाए जाने पर ड्यूटी डॉक्टर ने परीक्षण दौरान मृत घोषित किया जिसकी सूचना पर अस्पताल पुलिस द्वारा कार्यवाही की। घटना के संबंध में बताया गया कि कोतवाली थाना अनूपपुर अंतर्गत अंकुआ गांव के निवासी स्व. धन्नू बैगा के 35 वर्षीय पुत्र नर सिंह बैगा जो शुक्रवार की दोपहर बैगा मोहल्ला में स्थित अपने घर से यादव मोहल्ला की ओर कुछ लोगों के साथ गया रहा तभी प्यास लगने पर रामसेवक यादव के कुआं से पानी निकाल रहा था। इस दौरान अचानक मिर्गी आने पर युवक नर सिंह कुंआ में गिर गया जिसको देखते ही अनिल बैगा एवं तीरथ बैगा कुआं में कूद कर नर सिंह को बाहर निकालते हुए उसे उसके घर लाए इस दौरान तबीयत ज्यादा खराब होने की स्थिति में परिजनों द्वारा नरसिंह को उपचार हेतु 108 एंबुलेंस की मदद से जिला चिकित्सालय अनूपपुर लाकर ड्यूटी डॉक्टर दीपक बघेल को दिखाया जिसमें परीक्षण दौरान डॉक्टर ने नर सिंह बैगा की जिला अस्पताल पहुंचाने की पूर्व मृत्यु होना बताते हुए अस्पताल पुलिस को सूचना दी सूचना पर पुलिस के द्वारा पंचनामा एवं अन्य कार्यवाही करते हुए मृतक के शव का पीएम कराने बाद मृतक के अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंपा।

#### पहचान पत्रों और रिकॉर्ड में जानबूझकर की हेराफेरी, कोतमा पुलिस की निष्क्रियता पर उठे सवाल

# फर्जी पहचान पर कॉलरी में नौकरी और पेंशन घोटाला

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर/जमुना।** साउथ ईस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड के जमुना कोतमा क्षेत्र में वर्षों से फर्जी पहचान के आधार पर नौकरी करने और अब पेंशन का लाभ उठाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस मामले में सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि आरोपी के खिलाफ 1 अप्रैल 2025 को कोतमा थाने में लिखित शिकायत दी गई थी, लेकिन आज तक पुलिस ने न तो कोई प्राथमिक जांच शुरू की, न ही किसी तरह की कानूनी कार्रवाई की। इससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। मामले की शिकायत मूलतः उत्तर प्रदेश के जिला गोरखपुर के ग्राम गहना निवासी मो. सबीर ने की है, जो वर्तमान में कोतमा क्षेत्र में निवास करते हैं। सबीर ने कोतमा एसडीओपी को दिए गए एक विस्तृत शिकायत पत्र में आरोप लगाया है कि उनके पिता मजीद ने अपने बड़े भाई बसीर के नाम पर छल, कपट और फर्जी दस्तावेजों का सहारा लेकर SECL की सरकारी नौकरी हथियाई और





वर्षों तक सेवा देने के बाद अब पेंशन भी उसी फर्जी पहचान पर उठा रहे हैं। शिकायत में यह भी कहा गया है कि मजीद ने अपने पहचान पत्रों और रिकॉर्ड में जानबूझकर नाम और पारिवारिक जानकारी में हेराफेरी की, जिससे उनके बेटे मो. सबीर की पहचान से जुड़े दस्तावेज जैसे शिक्षा प्रमाण पत्र, मतदाता सूची में नाम, और अन्य दस्तावेज भी अवैध या अमान्य हो गए हैं।

**गहरी साजिश का हिस्सा यह घोटाला**

सबीर का आरोप है कि उनके पिता ने उनके बल्दियत में "मो. साबीर अली" दर्ज करवा दिया, जिससे वे आज तक किसी भी सरकारी योजना, नौकरी या योजना का लाभ नहीं उठा पाए हैं। इतना ही नहीं, शिकायत में यह भी उल्लेख है कि मजीद वर्तमान में बनियाटोला, कोतमा में अपनी दूसरी पत्नी सैफकुननिशा के साथ रहते हैं और दोनों ने मिलकर फर्जी दस्तावेजों के सहारे बैंक खाता खुलवाया है जिसमें पेंशन की राशि जमा हो रही है। इस मामले में अब तक की पुलिस चुप्पी और लापरवाही आश्चर्यजनक है। शिकायत के बावजूद न कोई पूछताछ, न कोई दस्तावेजी जांच और न ही किसी तरह की कानूनी पहल, जिससे यह संदेह और गहराता जा रहा है कि कहीं मामले को जानबूझकर दबाया तो नहीं जा रहा। पीड़ित ने मांग की है कि दोषियों के खिलाफ उचित धाराओं के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए और जो शासकीय धन फर्जी तरीके से प्राप्त किया गया है, उसकी वसूली की जाए।

यह मामला केवल एक व्यक्ति की पहचान के साथ हुई छेड़छाड़ नहीं, बल्कि सरकारी संस्थानों की नाक के नीचे वर्षों से चल रही एक गहरी साजिश का हिस्सा है। यदि अब भी इस पर कार्रवाई नहीं होती, तो यह अन्य ऐसे मामलों को भी जन्म देगा और सिस्टम में बैठे भ्रष्ट लोगों के हौसले और बुलंद होंगे। अब देखना यह है कि क्या कोतमा पुलिस और प्रशासन अपनी नींद से जागते हैं, या फिर यह मामला भी फाइलों के ढेर में दबा रह जाएगा और न्याय की आस में मो. सबीर को और इंतज़ार करना पड़ेगा।

**इनका कहना है**

शिकायत आई है, जिसके खिलाफ शिकायत है उसका लड़का इलाज के लिए बाहर गया हुआ है। 7 दिन बाद जब वह लौट कर आएगा तो उसे मैं थाने बुलाया हूं और जांच पड़ताल की जाएगी।

**लाल जी श्रीवास्तव,**
**एसआई व जांचकर्ता अधिकारी**

# 26 मई को वट सावित्री और सोमवती अमावस्या एक साथ

### बन रहा दुर्लभ और फलदायी संयोग

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** 26 मई को वट सावित्री व्रत और सोमवती अमावस्या एक साथ पड़ रहे हैं, जो एक दुर्लभ और फलदायी संयोग है। ऐसी मान्यता है कि जब अमावस्या सोमवार को आती है, तो यह सोमवती अमावस्या कहलाती है और इसका विशेष धार्मिक महत्व होता है. इस दिन वट वृक्ष की पूजा करने से पति की लंबी उम्र, संतान सुख और परिवार में सुख-शांति बनी रहती है. साथ ही इस दिन कुछ नियमों का पालन करना बेहद जरूरी होता है ताकि व्रत का पूरा फल प्राप्त हो सके। सावित्री और सत्यवान की अमर प्रेम कहानी पर आधारित वट सावित्री व्रत हर साल श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाता है. यह व्रत महिलाओं द्वारा अपने पति की लंबी उम्र और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना के लिए रखा जाता है। इस बार ये पर्व और भी खास बन गया है, क्योंकि 26 मई को वट सावित्री व्रत के साथ ही सोमवती अमावस्या का दुर्लभ संयोग बन रहा है। ऐसा योग बहुत ही कम बार बनता है और इसे बेहद शुभ माना जाता है।

### वट वृक्ष का खास महत्व

पंडित अमन पाण्डेय ने बताया कि वट सावित्री व्रत का सबसे अहम हिस्सा है वट वृक्ष की पूजा। धार्मिक मान्यता के अनुसार, सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राण वट वृक्ष के नीचे ही यमराज से वापस लिए थे। तभी से यह वृक्ष अखंड सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है. इस दिन महिलाएं सुबह स्नान करके व्रत रखती हैं, वट वृक्ष को जल चढ़ाती हैं, रोली और चंदन से तिलक करती हैं और कच्चा सूत लपेटकर सात परिक्रमा करती हैं। व्रत के अगले दिन भीगे हुए चने खाकर पारण किया जाता है।

### वट सावित्री व्रत पर बना दुर्लभ संयोग

पंडित अमन पाण्डेय ने बताया कि इस बार वट सावित्री व्रत और सोमवती अमावस्या का संयोग बन रहा है, जो इसे और भी खास बना देता है. पंचांग के अनुसार, ज्येष्ठ मास की अमावस्या जब सोमवार को आती है तो वह सोमवती अमावस्या कहलाती है। यह योग वर्षों में एक बार ही आता है और ऐसा माना जाता है कि इस दिन किए गए व्रत और पूजा का फल कई गुना अधिक मिलता है. यही कारण है कि इस दिन का महत्व बहुत बढ़ जाता है और महिलाओं के लिए यह दिन सौभाग्य, संतान सुख और परिवारिक सुख-शांति का प्रतीक बन जाता है।

# सैनिक स्कूल में कृति कहार का हुआ चयन

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** लिटिल स्टेप्स हाई स्कूल की होनहार छात्रा कृति कहार ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त कर स्कूल और जिले का नाम रोशन किया है। कृति की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से स्कूल परिसर में खुशी की लहर दौड़ गई है। स्कूल की प्राचार्या श्रीमती प्रियंका शुक्ला ने कृति को बधाई दी और कहा कि यह सफलता न केवल छात्रा की मेहनत का परिणाम है, बल्कि स्कूल के पूरे शिक्षकीय स्टाफ की मेहनत और समर्पण का भी परिचायक है। श्रीमती शुक्ला ने कहा, कृति की सफलता यह साबित करती है कि यदि छात्रों को सही मार्गदर्शन, उपयुक्त माहौल और सतत प्रेरणा मिले, तो वे किसी भी कठिन परीक्षा को पार कर सकते हैं। हमारा स्कूल सिर्फ अकादमिक शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं की दिशा में भी छात्रों को तैयार करने के लिए पूरी निष्ठा से प्रयासरत है। लिटिल स्टेप्स हाई स्कूल जिले का एकमात्र ऐसा विद्यालय बन चुका है, जो नियमित रूप से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाता है। हाल ही में न केवल सैनिक स्कूल परीक्षा, बल्कि



ओलंपियाड जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी छात्रों ने रैंक प्राप्त कर नकद पुरस्कार जीते हैं। इससे पहले तेजस्वी पटेल ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल की थी। यह सफलता की श्रृंखला यह बताती है कि स्कूल का वातावरण, संसाधन और शिक्षकों की मेहनत छात्रों को प्रतियोगी संस्कृति की ओर प्रेरित कर रही है। पूरा स्कूल स्टाफ कृति की सफलता से अभिभूत है और इस अवसर पर सभी शिक्षकों ने यह संकल्प लिया है कि आने वाले वर्षों में और भी अधिक छात्रों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलाने के लिए और सशक्त प्रयास किए जाएंगे। स्कूल प्रबंधन ने यह भी आश्वासन दिया है कि प्रतियोगिता की तैयारी को और भी व्यवस्थित व तकनीकी रूप से मजबूत बनाया जाएगा। लिटिल स्टेप्स हाई स्कूल अब केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं, बल्कि जिले में उभरते प्रतिभाओं के लिए एक प्रतियोगी केंद्र बनता जा रहा है। यहाँ की सफलता की कहानियाँ यह संकेत देती हैं कि आने वाले वर्षों में यह स्कूल जिले ही नहीं, राज्य स्तर पर भी प्रतियोगी परीक्षाओं में अपनी पहचान स्थापित करेगा।

## अनियंत्रित ट्रक पलटने पर घायल युवक को डायल 100 ने पहुँचाया अस्पताल



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** थाना जैतहरी क्षेत्र के कदमसरा गाँव में एक ट्रक पलट जाने से एक व्यक्ति के घायल होने की सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में 23 मई को प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल जैतहरी थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक ओम प्रकाश सिंह एवं पायलट अशोक राठोर ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि ट्रक के अनियंत्रित होकर पलट जाने से ट्रक चालक राजीव विश्वकर्मा पिता यज्ञ नारायण विश्वकर्मा उम्र 23 साल निवासी सीधी घायल हो गये थे। डायल-112/100 जवानों ने एफ़आरव्ही वाहन से घायल युवक को जिला अस्पताल पहुँचाया।

# अमरकंटक में बह रही ज्ञान गंगा



### भागवत महापुराण के 6वें दिन मृत्युंजय आश्रम में उमड़ा श्रद्धालुओं का हुजूम

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव पर अति प्रसन्न खुशी से सराबोर नंद बाबा ने अपने राज्य के सभी लोगों को उनके मुंह मांगा दान किया यहां तक की 2 लाख गायों का जान उन्होंने स श्रृंगार करा कर दिया जो जैसा मांगता गया उसे वैसा ही दान देते रहे। भगवान जो उनके घर जन्मे थे। जो सुख आनंद माता देवकी एवं यशोदा को भगवान ने नहीं दिया वह सुख की प्राप्ति मौसी पूतना को मिला मां समान पूतना भले ही राक्षस कुल की थी भगवान को उसने स्तनपान कराया फल स्वरुप भगवान ने उसे अपने परमधाम भेजा जो भगवान को थोड़ा सा भी चाहा भगवान उसका पूरा फर्ज निभाते हैं। वासुदेव जी महाराज ने गर्गाचार्य जी को भेज कर अपने पुत्र का नामकरण करने हेतु भेजा। यशोदा मैया एवं रोहिणी माता ने बाबा गर्गाचार्य जी की परीक्षा लेनी चाहिए एक दूसरे का पुत्र रखकर आई गर्गाचार्य जी तुरंत जान गए सबको आकर्षित करने वाले परमेश्वर का नाम कृष्ण रखा तथा बलशाली बालक का नाम बलराम रखा दोनों का नामकरण संस्कार गौशाला में हुआ। गर्गाचार्य जी महाराज ने कहा कि वैसे तो इनका हजारों नाम होगा। नाम का प्रभाव व्यक्ति पर होता है नाम बहुत ही सोच समझकर रखा जाना चाहिए तथा नामकरण जानकार महापुरुष ब्राह्मण से कराना चाहिए। कुछ भी नाम नहीं रखना चाहिए जिसका मतलब आशय हो वही नाम रखा जाना चाहिए। उक्त आशय के भावपूर्ण उद्गार श्रीमद् भागवत महापुराण के छठवें दिन मृत्युंजय आश्रम के विशाल सभा हाल में भागवताचार्य पं.सागर मिश्रा उपस्थित भक्त श्रद्धालुओं को सुना रहे थे। पंडित सागर मिश्रा श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में आगे कहा कि व्यक्ति को अपना लक्ष्य ताड़ पेड़ की तरह ऊंचा और बड़ा रखना चाहिए इसीलिए वह ऊंचा होता है वहीं आम का वृक्ष की शाखाएं यहां वहां बढ़ जाती हैं इसके चलते वह ऊंचा बड़ा नहीं हो पता इससे सीख लेकर व्यक्ति को अपना सर्वोच्च लक्ष्य रख कर आगे बढ़ना चाहिए तभी वह आगे बढ़ सकेगा। पंडित मिश्रा ने भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का चित्रण करते हुए कहा कि माताएं मक्खन ऊपर सीकर में बांधती रही भगवान अपने शखाओ के साथ उसे भी चोरी कर खाते रहे माताएं उस पर घंटी बांधती रही हैं ताकि चोरी होने पर घंटी बाजे जब तक सखा मक्खन खाते घंटी नहीं बजती पर भगवान के मक्खन खाते ही घंटी बज उठती भगवान कृष्ण ने पूछा तुम मेरे खाते ही घंटी क्यों बच जाती हो घंटी ने कहा हे भगवन भगवान के भोग लगे पर घंटी नहीं बजे तो क्या मतलब हुआ। उन्होंने कथा में आगे कहा कि भगवान राम एवं भगवान कृष्ण दोनों एक ही हैं दोनों का श्यामल वर्ण है भगवान राम के नयन शांत स्वभाव के हैं तो वही भगवान कृष्ण के नयन चंचल भरे हैं। संतान भी पितृ देवता की कृपा से होते इसलिए पितृ देवताओं को मनाना चाहिए पूजना चाहिए स्थान देना चाहिए उनकी कृपा से सब कुछ अच्छा होता है इसलिए पितृ देवो भव कहा गया है।

# न्यू जोन इंडिया का पावर प्रोजेक्ट बना किसानों की आशाओं का प्रतीक



### 1320 मेगावाट के पावर प्रोजेक्ट से जगी उम्मीद

**हरिभूमि न्यूजअनूपपुर।** अनूपपुर में न्यू जोन थर्मल पावर प्रोजेक्ट को ग्रामीणों की स्वीकृति मुआवजा, पुनर्वास और रोजगार के माध्यम से औद्योगिक विकास की नई सुबह मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले में विकास की एक नई इबारत लिखी जा रही है। न्यू जोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित 1320 मेगावाट की थर्मल पावर परियोजना अब केवल एक औद्योगिक पहल नहीं, बल्कि सामाजिक समावेश और ग्रामीण सशक्तिकरण का प्रतीक बन चुकी है। शासन, प्रशासन और निजी क्षेत्र के तालमेल से पुनर्वास, मुआवजा और रोजगार के क्षेत्रों में ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं, जिसने प्रभावित ग्रामीणों में उत्साह और संतोष का संचार किया है। न्यू जोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड थर्मल पावर प्रोजेक्ट जो क्षमता 1320 मेगावाट का पावर प्रोजेक्ट है जिसमे प्रभावित गांव रक्सा ग्राम एवं कोलमी है प्रभावित खातेदार 191 किसान हैं। प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य विद्युत उत्पादन के माध्यम से औद्योगिक और क्षेत्रीय विकास है।

**ग्रामीणों की सहमति लोकतंत्र की शक्ति**

ग्राम पंचायत रक्सा और कोलमी पंचायतों में हुई बैठक में ग्रामीणों ने इसे "सुनियोजित, संवेदनशील और समावेशी" करार दिया है। पुनर्वास और मुआवजे की पारदर्शिता ने विश्वास को प्रबल किया है। यह परियोजना केवल ऊर्जा उत्पादन तक सीमित नहीं है। यह सामाजिक उत्तरदायित्व, पुनर्वास में मानवता, और भविष्य में स्थायित्व का प्रतीक है। यह उदाहरण अन्य राज्यों और परियोजनाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बन सकता है। अनूपपुर में औद्योगिक विकास अब सामाजिक सहमति की रोशनी में आगे बढ़ रहा है। न्यू जोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड थर्मल पावर प्रोजेक्ट ने यह साबित कर दिया है कि यदि सरकार, प्रशासन और उद्योग संयुक्त रूप से पारदर्शिता, संवाद और संवेदनशीलता के साथ काम करें, तो विकास और जनकल्याण एक साथ संभव है। ग्रामीणों की सहभागिता और स्वीकृति ने इस परियोजना को "विकास का पर्व" बना दिया है।

# कोतमा पुलिस ने पकड़ा 330 टन अवैध कोयले से भरा ट्रक



### 5 टन अवैध लोहे के कबाड से लदे ट्रक पर भी की कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के द्वारा पूरे जिले में अवैध कबाड /कोयला माफियाओं तथा अवैध कारोबारियों के विरुद्ध कार्यवाही का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर एवं एसडीओपी कोतमा के निर्देशन मे थाना प्रभारी कोतमा रत्नांबर शुक्ला को जरिए मुखबिर सूचना मिली की दिनांक नेशनल हाइवे गुरुकृपा ढाबा के पास कोतमा ट्रक क्र. **CG**-31-**A**-8090 रोड किनारे खतरनाक तरीके से खडा है जिससे आने जाने वालो के साथ कोई गंभीर घटना घटित हो सकती है जिस पर सटीक कार्यवाही करते हुए गुरु कृपा ढाबा के पास कोतमा जाकर ट्रक की तलासी ली गई जिस पर चालक नही मिला व ट्रक के अंदर से वाहन के दस्तावेज मिले जिसमे वाहन मालिक का नाम मोहम्मद वाजिद पिता अखलाख लेख पाया गया। ट्रक मे लोड कोयला लगभग 330 टन मौके से जप्त कर धारा 106 बीएनएसएस व 122/177 एमव्ही एक्ट की कार्यवाही की गई। उपरोक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी कोतमा रत्नांभर शुक्ला, सहायक उपनिरीक्षक सुरेश कुमार अहिरवार, आरक्षक महेश साहू, अभय त्रिपाठी, शुभम तिवारी की भूमिका रही।

**5 टन अवैध लोहे के कबाड से लदे ट्रक पर भी की कार्यवाही**

थाना प्रभारी कोतमा रत्नांबर शुक्ला को जरिए मुखबिर सूचना मिली कि 22 मई की रात मे एक ट्रक अवैध कबाड लेकर कोतमा से अनूपपुर की तरफ निकलने वाला है, जिस पर सटीक कार्यवाही करते हुए ट्रक क्रमांक **UP**-14-**ET**-1603 को अवैध कबाड के साथ कोतमा रेल्वे स्टेशन अंडरब्रिज के पास पकडा गया पूछताछ पर उक्त ट्रक के आरोपी चालक रितुराज रावत ने ट्रक मे भरा कबाड रियाज खान के द्वारा लोड कराना तथा कोई दस्तावेज न होना बताया जिस पर ट्रक मे भरा अवैध कबाड करीबन 05 टन मौके पर धारा 35(2), 5 बीएनएसएस एवं 303(2) बीएनएस मे जप्त कर कार्यवाही की गई। उपरोक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी कोतमा रत्नाम्बर शुक्ला, सहायक उपनिरीक्षक बृजेश कुमार पाण्डेय, आरक्षक शुभम तिवारी, सत्यभान सिंह, अभय त्रिपाठी की भूमिका रही।


**कार्यालय नगर परिषद जैतहरी जिला अनूपपुर म.प्र.**
E-mail-cmojaithari@mpurban.gov.in

क्र./191/न.परि./ई. टेन्ड./लोक.नि./2025 — **ई- निविदा आमंत्रण सूचना** — जैतहरी दिनांक 20/05/25

एतद् द्वारा नगर परिषद जैतहरी निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ONLINE) निविदा आमंत्रित करती है उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईड https://mptenders.gov.in/ देखी जा सकती है।

| क्र. | ऑन लाईन टेंण्डर नम्बर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रुपए में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मुल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_424845_1 | Cons. of public toilet at ward 14 and 15 | 1379018/- | 10342/- | 2000/- | 03 माह |
| 2 | 2025_UAD_424855_1 | Cons. of community toilet at ward 12 and 13 | 1381227/- | 10359/- | 2000/- | 03 माह |
| 3 | 2025_UAD_424887_1 | Cons. of public toilet at ward 10 and 11 | 1381087/- | 10359/- | 2000/- | 03 माह |
| 4 | 2025_UAD_424927_1 | Cons. of community toilet at ward 06 | 1382404/- | 10368/- | 2000/- | 03 माह |
| 5 | 2025_UAD_424941_1 | Cons. of community toilet at ward 04 | 1380975/- | 10357/- | 2000/- | 03 माह |
| 6 | 2025_UAD_424944_1 | Cons. of community toilet at ward 03 | 1380975/- | 10357/- | 2000/- | 03 माह |

1. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने का दिनांक 20/05/2025 समय शाम 15:30 बजे से 23/06/2025 समय शाम 17:30 तक क्रय की जा सकती है 2. विस्तृत निविदा विज्ञप्ति टेंण्डर एवं अन्य दस्तावेज देखने एवं डाउनलोड करने के लिए वेबसाईड पर सुविधा उपलब्ध है अधिक जानकारी के लिए https://mptenders.gov.in/ देखी जा सकती है। 3. निविदाकार टेण्डर डालने के पूर्व उपरोक्तानुसार स्थल का निरीक्षण कर सकते है। 4. निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन के लिए समाचार पत्र पर प्रकाशन नही किया जावेगा निविदा के संशोधन की जानकारी https://mptenders.gov.in/ पर देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद जैतहरी, जिला अनूपपुर म.प्र.**